न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
पीठासीन अधिकारी श्री सुशील कुमार सैनी (आर॰ए॰एस॰)

जीसीएमएस नं. 2025/72
मुकदमा नम्बर 17/2023 दर्ज दिनांक– 11.02.2025

संजीव कुमार पुत्र विजेन्द्र कुमार जाति जाट, निवासी डाबडी बलौदा, तहसील नवलगढ जिला झुझुंनू

–आवेदक

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड हॉल्डर तहसीलदार नवलगढ़

–अनावेदक

वकील आवेदक : – श्री राजेन्द्र बेरवाल
वकील अनावेदक :– पैरा. राज.

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

:: आदेश :: **निर्णय दिनांक 16.09.2025**

प्रार्थीगण द्वारा एक प्रार्थना पत्र अ0धा0 136 एल.आर. एक्ट का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि, राजस्व ग्राम डाबडी बलौदा पटवार हल्का तोगडा कंला की भूमि खाता सं. नया 14 के अन्तर्गत भूमि खसरा नं. 16 रकब 13.42 है0 के राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम संजीत पुत्र विजेन्द्र के स्थान पर संजीव कुमार पुत्र विजेन्द्र कुमार दर्ज किया जावे।

प्रा. पत्र पेश होने पर बाद अवलोकन दर्ज रजिस्टर किया गया तथा तलबी अनावेदक कि जारी की गई। अनावेदक की और से जरिये पैरो. राज. रिपोर्ट क्रमांक/भू.अ./25/7576 दिनांक 09.05.2025 पेश हुई।

बहस प्रा. पत्र पेश होने पर बगौर सुनी गई। मुताबिक तहसीलदार नवलगढ कि रिपोर्ट क्रमांक/भू.अ./25/7576 दिनांक 09.05.2025 के अनुसार आवेदक का प्रा. पत्र साबित पाया जाता है।

लिहाजा आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रा. पत्र रिपोर्ट तहसीलदार नवलगढ़ तथा प्रा. पत्र के समर्थन में प्रस्तुत स्वंय द्वारा प्रस्तुत प्रा. पत्र के आधार पर पोषणीय व न्यायोचित होने से स्वीकार किया जाता है तथा राजस्व ग्राम डाबडी बलौदा पटवार हल्का तोगडा कंला की भूमि खाता सं. नया 14 के अन्तर्गत भूमि खसरा नं. 16 रकब 13.42 है0 के राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी

उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ़

का नाम संजीत पुत्र विजेन्द्र के स्थान पर संजीव कुमार पुत्र विजेन्द्र कुमार, दुरूस्त कर दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है।

सुलभ संदर्भ हेतु तहसीलदार नवलगढ कि रिपोर्ट क्रमांक/भू.अ./25/7576 दिनांक 09.05.2025 उक्त आदेश का भाग होगी।

मुताबिक आदेश तहसीलदार नवलगढ राजस्व रिकार्ड मे दुरूस्ती तथा आवश्यक अमलदरामद करे। तहसीलदार नवलगढ़ को पृथक से तहरीर जारी हो।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। निर्णय/आदेश आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर, खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सुशील कुमार सैनी)RAS
उपखण्ड अधिकारी नवलगढ़
जिला–झुझुंनू

28/5/25

कार्यालय तहसीलदार(भू.अ.)नवलगढ

क्रमांक /भू अ /2025/ 7576 दिनांक 9/5/2025

प्रेषिति : – श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय

नवलगढ

विषय : –उनवानी प्रकरण संजीव कुमार बनाम तहसीलदार नवलगढ मु.न. 17/2025 अ.धारा 136 में तथ्यात्मक रिपॅार्ट भिजवाने बाबत।

Rev. 9.5.25

प्रसंग : –श्रीमान के आदेश क्रमांक राजस्व / तहरीर/25/100 दिनांक 11.02.2025 की पालना में ।

महोदय

R. 446 9.5.25

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयान्तर्गत निवेदन है माननीय न्यायालय के उनवानी प्रकरण संजीव कुमार बनाम तहसीलदार नवलगढ मु.न. 17/2025 अ.धारा 136 में तथ्यात्मक रिपॅार्ट पटवारी हल्का तोगडा कलां से प्राप्त हुई है । जिसका अवलोकन किया गया। प्रस्तुत प्रकरण में नाम पूर्णतः परिवर्तित हो रहे है, जो कि साबित करने का भार वादी पर है । वादी के साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार न्यायिक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

तहसीलदार (भू. अ.)नवलगढ

तहसीलदार (भू.अ.) नवलगढ

संलग्न : – मूल रिपॅार्ट

फर्द मौका रिपोर्ट ग्राम डाबड़ी बलौदा प.म. तोगड़ा कला

आज दिनांक 22/05/25 को श्रीमान तहसीलदार महोदय नवलगढ़ के आदेश क्रमांक (भू-अ) 7079 दिनांक 09/05/25 की पालना मे संजीव कुमार बनाम तहसीलदार नवलगढ़ के मु० 17/25 अ. धा. 136 की तथ्यात्मक जाँच रिपोर्ट बाबत ग्राम मजमे आम चौक पहुँचा। मौके पर उपस्थित मौजिज लोगों से ग्राम डाबड़ी बलौदा की जमाबन्दी सम्वत् 2075-78 मे खाता 15 के ख.न. 16 के खातेदार संजीत पु० विजेन्द्र जाति जाट के बारे मे पूछ-ताछ करने पर बताया गया है कि उक्त व्यक्ति का नाम संजीत पु० विजेन्द्र के बजाय सही नाम संजीव कुमार पु० विजेन्द्र कुमार होना बताया गया है। संजीव व संजीत दोनों नाम के एक व्यक्ति का होना बताया गया है अतः संजीत पु० विजेन्द्र का सही नाम संजीव कुमार पु० विजेन्द्र कुमार दर्ज किया जाना उचित रहेगा। मौके पर मौका फर्द तैयार कर उपस्थित लोगों को पढ़ व सुनाकर हस्ताक्षर करवाये गये।

(हस्ताक्षर) 22/05/25
पटवारी तोगड़ा कला

क्र.सं.	नाम	पिता का	उम्र	जाति	पता	हस्ताक्षर	मो.
1.	पंकज	उम्मेदसिंह	38	जाट	बड़की (ढाणी)	(हस्ताक्षर)	7073514675
2	शेरसिंह	रामेश्वर लाल	43	मेघवाल	तोगड़ा	(हस्ताक्षर)	7742948426
3.	सोनिया D/o	विजेन्द्र कुमार	24	जाट	डाबड़ी बलौदा	सोनिया	978459823
4	राकेश कुमार	हुकमाराम	46	जाट	डाबड़ी/रणजीतपुरा मडावा	राकेश कुमार	05